**(Anivarya Hindi 'Rachna Punj')**

**(Skt/Hindi–2)**

**Paper : HIND 201**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 70 for Regular / 100 for ICDEOL**

नोट :— प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 × 14 = 14

(*i*) सन्त कवियों के काव्य का लक्ष्य है:

(क) यश (ख) काव्य सृजन

(ग) भक्ति।

(*ii*) घनानन्द का 'सुजान' प्रतीक है:

(क) आत्मा (ख) परमात्मा

(ग) प्रेमिका।

(*iii*) 'विप्लव गायन' कविता में पालन-पोषण करने वाली वीणा किस देव की है ?

(क) ब्रह्मा (ख) विष्णु

(ख) शिव।

(*iv*) निराला की 'विनय' कविता में कवि किससे प्रार्थना कर रहा है ?

(क) बादल (ख) अम्बर

(ग) सलिल।

(*v*) 'दूर्वाचल' कविता में कौन-सा भाव मुख्य है ?

(क) शारीरिक (ख) मानसिक

(ग) आध्यात्मिक।

(*vi*) मुक्तिबोध ने प्रसाद की किस पुस्तक की आलोचना लिखी ?

(क) लहर (ख) आँसू

(ग) कामायनी।

(*vii*) धूमिल की माता का नाम था:

(क) सतवन्ती देवी (ख) राजवन्ती देवी

(ग) कलावन्ती देवी।

(*viii*) प्रेमचन्द की कौन-सी रचना पर अंग्रेजों ने प्रतिबन्ध लगाया ?

(क) गोदान (ख) सोज-ए-वतन

(ग) राजे-ए-वतन।

(*ix*) मोहन राकेश की तीसरी पत्नी का नाम था ?

(क) अनीता औलक (ख) सुनीता गौलक

(ग) पुनीता सौलक।



Scanned with ACE Scanner

(x) 'सदी का सबसे बड़ा आदमी' कहानी का लेखक है:

(क) प्रेमचन्द (ख) काशीनाथ सिंह

(ग) मोहन राकेश।

(xi) 'दरियाई घोड़ा' किस विधा की रचना है ?

(क) उपन्यास (ख) नाटक

(ग) कहानी।

(xii) महादेवी वर्मा किस शैक्षिक संस्था की आचार्य बनीं ?

(क) प्रयाग महिला विद्यापीठ (ख) काशी संस्कृत विद्यापीठ

(ग) नालन्दा हिन्दी विद्यापीठ।

(xiii) रामधारी सिंह 'दिनकर' कब राज्यसभा के सदस्य बने ?

(क) 1952 ई० (ख) 1953 ई०

(ख) 1954 ई०।

(xiv) श्रीलाल शुक्ल को भारत के राष्ट्रपति द्वारा कौन-सी उपाधि से अलंकृत किया ?

(क) पद्म भूषण (ख) पद्म विभूषण

(ग) पद्म चक्र।

(क) जीवन और मृत्यु सृष्टि गतिमयता के दो पहलू हैं, कबीर की पठित साखियों के आधार पर समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

घनानन्द 'प्रेम की पीड़ा के उन्मुक्त गायक' हैं। उदाहरण सहित विवेचना कीजिए।

(ख) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

दिल को मसल-मसलकर मैं मेंहदी
रचता आया हूँ यह देखो
एक-एक अंगुल-परिचालन
में नाशक तांडव को देखो।
विश्व मूर्ति! हट जाओ !! मेरा
भीम प्रहार सहे न सहेगा,
टुकड़े-टुकड़े हो जाओगी
नाश मात्र अवशेष रहेगा।

**अथवा**

सष्मित-कलिदल-चुम्बित-जल कण,
शीतल-शीतल बहे समीरण,
कुंजें द्रुम-विहंगगण, वर दो
दूर ग्राम की कोई वामा,
आए मन्द चरण अभिरामा
उतरे जल में अवसन श्यामा
अंकित उर छवि सुन्दरतर हो।

7 + 7

(10¾ + 10¾)

(क) अज्ञेय का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक यात्रा का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

धूमिल की रचनाओं का उल्लेख करते हुए उनके काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

Scanned with ACE Scanner

(ख) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

एक आदमी
रोटी बेलता है
एक आदमी रोटी खाता है
एक तीसरा आदमी भी है
जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है
वह सिर्फ रोटी से खेलता है
मैं पूछता हूँ—यह तीसरा आदमी कौन है ?
मेरे देश की संसद मौन है।

***अथवा***

पार्श्व गिरि का नम्र चीड़ों में
डगर चढ़ती उमंगों सी।
बिछी पैरों में नदी ज्यों दर्द की रेखा।
विहग-शिशु मौन नीड़ों में।
मैंने आँख भर देखा।
दिया मन को दिलासा-पुनः आऊंगा।
भले ही बरस दिन-अनगित युगों के बाद
क्षितिज ने पलक-सी खोली,
तमक कर दामिनी बोली-
'अरे यायावर! रहेगा याद ?'

7 + 7

(10¾ + 10¾)

4. (क) 'मलवे का मालिक' नामक कहानी में देश के विभाजन के बाद साम्प्रदायिक दंगों को चित्रित किया है। तार्किक उत्तर लिखिए।

***अथवा***

'अपना रास्ता लो बाबा' नामक कहानी पारिवारिक विघटन की त्रासदी है। अपने तर्क प्रस्तुत कीजिए।

(ख) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

मैंने एक बार पूछा था कि मामूं, आप इतने रुपये कहाँ से पाते हैं ? हँसकर कहने लगे-बेटा अल्लाह देता है। फिर आप ही बोले—हम चाहें तो एक दिन में लाखों मार लाएँ। हम तो इतना ही लेते हैं, जिसमें अपनी बदनामी न हो और नौकरी न चली जाए।

***अथवा***

मैं उस विचित्र, अज्ञात और अदृश्य भाषा को सुन सकने का साहस ही अपने भीतर पैदा न कर पाता, जो दूसरे संसार की भाषा थी। मुझे लगता है कि अगर उस भाषा का कोई शब्द सुन लिया और अगर मैं उसका अर्थ समझ गया तो मैं जिन्दा बिल्कुल नहीं बचूँगा।

7 + 7

(10¾ + 10¾)

5. (क) महादेवी वर्मा ने 'जीने की कला' में जीवन के विकास के लिए कौन-से प्रमुख सूत्र दिए हैं ? संक्षेप में लिखिए।

***अथवा***

व्यंग्यकार श्रीलाल शुक्ल के निबन्ध 'अंगद का पांव' का सार अपने शब्दों में लिखिए।

Scanned with ACE Scanner

(ख) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

समाज में उपार्जन का दायित्व मिल जाने से पुरुष को एक प्रकार का पूंजीपतित्व तो प्राप्त हो ही गया था, शक्ति अधिक होने के कारण अधिकार मिलना ही सहज प्राप्य हो गया। इसके अतिरिक्त शास्त्र और अन्य सामाजिक नियमों का निर्माता होने के कारण वह अपने आपको अधिक से अधिक स्वच्छन्द और स्त्री को कठिन से कठिन बन्धन में रखने में समर्थ हो सका।

***अथवा***

भाषण, गर्जन, तिकड़म और छद्‌म, झूठे वायदों और धोखे की कसमों से सारा सार्वजनिक जीवन कोलाहलपूर्ण है। ये सबके सब नेतृत्व की अभिलाषा के दोष हैं। जब मनुष्य यह ठान लेता है कि अपने क्षेत्र में मुझे सबसे आगे बढ़ना है, तब साध्य का आकर्षण उसके भीतर प्रबल हो उठता है और साधन की महत्ता गौण हो जाती है। 7 + 7

(10¾ + 10¾)

Scanned with ACE Scanner

# HINDI
## (Aadhunik Hindi Kavita)
## (Core)
## (DSC-1C)
## Paper : HIND-202

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : {70 for Regular / 100 for ICDEOL

नोट—सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त अन्य पृष्ठ जारी नहीं किया जाएगा।

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं **चौदह** प्रश्नों के उत्तर दीजिए—1 × 14 = 14 (14)

(*i*) भारतेन्दु जी ने पहला दोहा किस आयु में लिखा ?

(क) 6 वर्ष (ख) 7 वर्ष

(ग) 5 वर्ष (घ) 8 वर्ष।

(*ii*) भारतेन्दु के साहित्य की विशेषता है—

(क) राष्ट्रीय चेतना (ख) भक्ति भावना

(ग) श्रृंगार भावना (घ) ये सभी।

(*iii*) हरिऔध द्वारा रचित उपन्यास है—

(क) गोदान (ख) अधखिला फूल

(ग) दिव्या (घ) मैला आँचल।

(*iv*) खड़ी बोली हिन्दी का 'हरिऔध' रचित प्रथम महाकाव्य है—

(क) साकेत (ख) प्रिय-प्रवास

(ग) वैदेही वनवास (घ) कामायनी।

(*v*) मैथिलीशरण गुप्त की काव्य-रचना है—

(क) झंकार (ख) पद्य प्रबंध

(ग) किसान (घ) ये सभी।

(*vi*) गुप्त को राष्ट्रकवि की उपाधि किसने दी ?

(क) नेहरू ने (ख) टैगोर ने

(ग) गांधी ने (घ) सरोजिनी नायडू ने।

(*vii*) जयशंकर प्रसाद रचित महाकाव्य का नाम है—

(क) साकेत (ख) कामायनी

(ग) प्रिय-प्रवास (घ) वैदेही वनवास।

(*viii*) प्रसाद के काव्य की विशेषता है—

(क) प्रेम एवं सौंदर्य (ख) राष्ट्रीयता

(ग) प्रकृति-चित्रण (घ) ये सभी।



Scanned with ACE Scanner

(ix) 'तोड़ती पत्थर' कविता निराला के किस काव्य संग्रह में संकलित है ?

(क) अनामिका (ख) अणिमा

(ग) परिमल (घ) गीतिका।

(x) निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास निराला रचित नहीं है ?

(क) इरावती (ख) अलका

(ग) निरूपमा (घ) प्रभावती।

(xi) अज्ञेय किस वाद के प्रवर्तक माने जाते हैं ?

(क) छायावादी (ख) प्रगतिवाद

(ग) प्रयोगवाद (घ) नकेनवाद।

(xii) अज्ञेय ने किस पत्रिका का सम्पादन किया ?

(क) प्रतीक (ख) कल्याण

(ग) हँस (घ) धर्मयुग।

(xiii) नागार्जुन का मूल नाम क्या है ?

(क) पीतांबर मिश्र (ख) वैद्यनाथ मिश्र

(ग) जनेश्वर मिश्र (घ) विद्यानिवास मिश्र।

(xiv) नागार्जुन ने किस भाषा में काव्य रचना की ?

(क) हिन्दी (ख) बांग्ला

(ग) मैथिली (घ) उपर्युक्त सभी में।

(xv) 'पीले फूल कनेर के' कविता के रचयिता हैं—

(क) निराला (ख) महादेवी

(ग) नरेश मेहता (घ) नागार्जुन।

(xvi) 'संशय की एक रात' प्रबंध काव्य में किसे संशय से ग्रस्त दिखाया है ?

(क) रावण (ख) मेघनाद

(ग) लक्ष्मण (घ) राम।

2. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। $7 \times 4 = 28$ ($10\frac{3}{4} \times 4 = 43$)

(क) हरि तन करुना सरिता बाढ़ी
दुखि देखि निजजन बिनु साधन उमगि चलि अतिगाढ़ी
तोरि कूल मरजादा के दोउ न्याव-करार गिराए
जित तित परे करमफल-तरुगन जड़ सों तोरि बहाए।

***अथवा***

लोग यों ही हैं झिझकते सोचते
जबकि उनको छोड़ना पड़ता है घर
किन्तु घर को छोड़ना अवसर उन्हें
बूँद लौं कुछ और ही जाता है कर।

(ख) हम कौन थे क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी
आओ विचारें आज मिलकर ये समस्याएं सभी
यद्यपि हमें इतिहास अपना प्राप्त पूरा है नहीं
हम कौन थे, इस ज्ञान को, फिर भी अधूरा है नहीं।

Scanned with ACE Scanner

***अथवा***

अरुण यह मधुमय देश हमारा
जहाँ पहुंच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा
सरस तामरस गर्भ विभा पर, नाच रही तरुशिखा मनोहर
छिटका जीवन हरियाली पर मंगल कुमकुम सारा।

(ग) वह इष्टदेव के मंदिर की पूजा-सी
वह दीपशिखा-सी शांत, भाव में लीन
वह क्रूर-काल तांडव की स्मृतिरेखा-सी,
वह टूटे तरु की छटी-लता-सी दीन
दलित भारत की ही विधवा है।

***अथवा***

बल्कि केवल यही ये उपमान मैले हो गए हैं
देवता इन प्रतीकों के कर गए हैं कूच
कभी बासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट जाता है
मगर क्या तुम नहीं पहचान पाओगी
अगर मैं यह कहूँ
बिछली घास हो तुम
लहलहाती हवा में कलगी छरहरी बाजरे की।

(घ) तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान, मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारी ही प्राण
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण
छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल
बाँस था कि बबूल ?

***अथवा***

अब न हमारी
पिताजलों-सी माटी सनी देह होती है
अपना कल्मष धोने को, तुमने इस भटके जल को
तीर्थ पुकारा गति मर कर अथाह हो गई
स्रोत स्वयं का पीकर हम, निर्वंश हो गए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के सारगर्भित सोदाहरण उत्तर लिखिए। $7 \times 4 = 28$ ($10\frac{3}{4} \times 4 = 43$)

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ***अथवा*** हरिऔध की साहित्यिक विशेषताएं लिखिए।

(ख) मैथिलीशरण गुप्त ***अथवा*** प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

(ग) निराला ***अथवा*** अज्ञेय की काव्यगत विशिष्टताओं को उद्घाटित कीजिए।

(घ) नागार्जुन ***अथवा*** नरेश मेहता की साहित्यिगत विशेषताएं लिखिए।

*************

Scanned with ACE Scanner

# हिंदी

## ( हिंदी गद्य साहित्य )

प्रश्न-पत्र : Core Course : DSC-1D HIND 203

Credits : 06

पूर्णांक : 70 ( नियमित छात्र )

आंतरिक मूल्यांकन : 30

समय : 3 घंटे

प्रश्न 1. निम्नलिखित 14 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(1) जैनेंद्र विरचित उपन्यास 'त्यागपत्र' का नायक कौन है ?

(क) प्रमोद (ख) शीला का भाई (ग) कोयला बेचने वाला।

(2) 'त्यागपत्र' उपन्यास की मूल समस्या किससे जुड़ी है ?

(क) नारी शोषण (ख) राजनीति (ग) भ्रष्ट न्याय व्यवस्था।

(3) 'प्रगतिशील लेखक संघ' की प्रथम बैठक की अध्यक्षता किसने की थी ?

(क) हंसराज रहबर (ख) यशपाल (ग) प्रेमचंद।

(4) अलोपीदीन, वंशीधर को अपनी जायदाद का मैनेजर क्यों बनाता है ?

(क) उस पर दया करके (ख) उसकी ईमानदारी से प्रभावित

(ग) उससे डरकर।

(5) आकाशदीप में बुद्धगुप्त क्या काम करता है ?

(क) व्यापारी है (ख) समुद्री डाकू है (ग) लेखक है।

(6) प्रसाद विरचित महाकाव्य कौन-सा है ?

(क) कामायनी (ख) साकेत (ग) प्रिय प्रवास।

(7) उषा प्रियंवदा की 'वापिसी' में मूल समस्या किस वर्ग की है ?

(क) अवकाश प्राप्त वृद्धों की (ख) नारी की (ग) राजनेताओं की।

(8) 'परदा' में पीर मुहम्मद घर पर परदा क्यों टाँगता है ?

(क) अपना धन छुपाने (ख) लाज बचाने

(ग) उधार देने वाले पठान से बचने के लिए।

(9) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने 1930 में काशी वि०वि० से कौन-सी उपाधि ली ?

(क) व्याकरणाचार्य (ख) साहित्याचार्य (ग) ज्योतिषाचार्य।

(10) आधुनिक युग की मीरा के रूप में कौन-सी कवयित्री प्रसिद्ध हैं ?

(क) तारा पांडे (ख) सुभद्रा कुमारी चौहान (ग) महादेवी वर्मा।

(11) 'श्रृंखला की कड़ियां' निबंध संग्रह में वर्ण्य विषय क्या है ?

(क) भारतीय राजनीति (ख) आर्थिक जीवन (ग) नारी शोषण।



Scanned with ACE Scanner

(12) 'अन्या से अनन्या' आत्मकथा किसकी है ?

(क) प्रभा खेतान (ख) महादेवी वर्मा (ग) मृदुला गर्ग।

(13) बाणभट्ट की 'आत्मकथा', 'अनामदास का पौधा' किसकी रचनाएं हैं ?

(क) रामचंद्र शुक्ल (ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ग) राजेंद्र यादव।

(14) यशपाल का परिचय भगत सिंह और उनके साथियों से कहाँ हुआ ?

(क) नैशनल कॉलेज (लाहौर) (ख) डी०ए०वी० कॉलेज, जालंधर

(ग) एस०डी० कॉलेज, कानपुर।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों का निर्देशानुसार उत्तर दीजिए—**

**(क)** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए—

'इतनी उम्र बिताकर बहुतों को मरते और बहुतों को जीते देखकर अगर मैं कुछ चाहता हूँ, तो वह यह है कि भीतर का दर्द मेरा इष्ट हो। धन न चाहूँ, मन चाहूँ, धन मैल है, मन का दर्द अमरित है। सत्य का निवास और कहीं नहीं है। उस दर्द की साभार स्वीकृति में से ज्ञान की और सत्य की ज्योति प्रगट होगी। अन्यथा सब ज्ञान ढकोसला है, और सब सत्य की पुकार अहंकार होगी।

***अथवा***

'जिसको' तन दिया, उससे पैसा कैसे लिया जा सकता है यह मेरी समझ में नहीं आता। तन देने की ज़रूरत मैं समझ सकती हूँ। तन दे सकूँगी, शायद वह अनिवार्य हो, पर लेना कैसे ? दान स्त्री का धर्म है। नहीं तो उसका क्या धर्म ? उससे मन माँगा जाएगा, तन भी माँगा जाएगा, सती का आदर्श और क्या है ? पर उसकी बिक्री न, न, यह न होगा' ।

**(ख)** मृणाल **अथवा** प्रमोद का चरित्र-चित्रण कीजिए।

***अथवा***

'त्यागपत्र' उपन्यास में लेखक ने कौन-सी समस्याएँ उठाई हैं ? विस्तारपूर्वक लिखिए।

**प्रश्न 3 (क)—निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए—**

'दुनिया सोती थी पर दुनिया की जीभ जागती थी। सवेरे देखिए तो बालक-वृद्ध सब के मुँह से यही बात सुनायी देती थी। जिसे देखिए वह पंडित जी के इस व्यवहार पर टीका टिप्पणी कर रहा था, निंदा की बौछारें हो रही थीं, मानो संसार में अब पापी का पाप कट गया। पानी को दूध के नाम से बेचने वाले ग्वाला, कल्पित रोजनामचे भरने वाले अधिकारी वर्ग, रेल में बिना टिकट यात्रा करने वाले बाबू लोग, जाली दस्तावेज़ बनाने वाले सेठ और साहूकार, यह सब के सब देवताओं की भाँति गर्दनें चला रहे थे।'

***अथवा***

'तारक-खचित नील अंबर और नील समुद्र के अवकाश में पवन उधम मचा रहा था। वह दुष्ट हो रहा था। समुद्र में आंदोलन था। नौका लहरों में विकल थी। स्त्री सतर्कता से लुढ़कने लगी। एक मतवाले नाविक के शरीर से टकराती हुई सावधानी से उसका कृपाण निकालकर फिर लुढ़कते हुए, बंदी के समीप पहुँच गई। सहसा पोत से पथ प्रदर्शक ने चिल्लाकर कहा, आँधी।'

**(ख)** यशपाल विरचित 'परदा' कहानी की तात्विक समीक्षा प्रस्तुत कीजिए।

***अथवा***

'गजाधर' अथवा 'चंपा' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**प्रश्न 4. निम्न प्रश्नों का निर्देशनुसार उत्तर दीजिए—**

**(क)** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

'आजकल तो बहुत-सी बातें धातु के ठीकरों पर ठहरा दी गई हैं। पैसे से राज-सम्मान की प्राप्ति, विद्या की प्राप्ति और न्याय की प्राप्ति होती है। जिनके पास कुछ रुपया है बड़े-बड़े विद्यालयों में अपने लड़कों को भेज सकते हैं

Scanned with ACE Scanner

न्यायालयों में फीस देकर अपने मुकद्दमे दाखिल कर सकते हैं, अत्यंत भीरु और कायर होकर बहादुर कहला सकते हैं, राजधर्म, आचार्यधर्म, वीरधर्म, सब पर सोने का पानी फिर गया, सब टकाधर्मी हो गये।'

***अथवा***

'कठोर पाषाण को भेदकर, पाताल की छाती चीरकर अपना भोग्य संग्रह करो, वायुमंडल को चूसकर, झंझा-तूफान को रगड़कर, अपना प्राप्य वसूल लो, आकाश को चूमकर आकाश की लहरी में झूमकर उल्लास खींच लो। कुटज का यही उपदेश है।'

( ख ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल विरचित निबंध 'लोभ और प्रीति' का सार प्रस्तुत कीजिए।

***अथवा***

हजारी प्रसाद द्विवेदी विरचित 'कुटज' का सार अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार व्याख्या कीजिए—**

( क ) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रंसग व्याख्या कीजिए—

'जीवन में राज-मार्ग कोई किसी के लिए नहीं बनाता। जो अपने पैरों के रक्त से काँटों में फूल खिला देता है, वही मार्ग बना सकता है। राजमार्ग आप स्वयं बनायें और भारत की संस्कृति का यह मूलमंत्र ध्यान में रखें। महाभारतकार ने कहा है—नहि मानुषात श्रेष्ठतरं हि किंचित।' मनुष्य से श्रेष्ठ भी कुछ नहीं। कवि चंडीदास ने कहा, 'सबार ऊपर मानुष सत्य तहार ऊपर नाई।' सबसे ऊपर मनुष्य सत्य है, उसके ऊपर कुछ नहीं। जब तक एक भी मनुष्य कष्ट में है तब तक आपकी सारी सुविधाएँ आपके लिए चुनौती बन जाएँगी, अभिशाप बन जाएंगी। वास्तव में जीवन की कसौटी यही है कि आप कितनों को सुखी बना सकते हैं।

***अथवा***

'भूंडलीकरण' की एक और भी विशिष्टता है—उत्पादन व्यवस्था के ढाँचे का परा-राष्ट्रीय नेटवर्क। कोई भी कंपनी भूगोल में सीमित नहीं है। जिन पर नए जटिल व्यवस्थात्मक और भौगोलिक ढांचों का निर्माण किया जा रहा है, उनका आपसी स्वरूप विविधता लिए हुए है। एक ओर यदि अंतर्राष्ट्रीय रणनीतिक गठजोड़ है दूसरी ओर उप-ठेके से बनने वाले संबंध हैं। स्वतंत्र और छद्म रूप से स्वतंत्र।

( ख ) 'प्रभा खेतान' का साहित्यिक परिचय दीजिए।

***अथवा***

महादेवी वर्मा विरचित लेख 'भारतीय संस्कृति और शिक्षा' का सार अपने शब्दों में लिखिए।

OOOO

Scanned with ACE Scanner

**HINDI**
**(KARYALAYI HINDI)**
**(SEC-I)**
**PAPER : HIND 204**

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 70

नोट—सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।

## भाग—क

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) हिन्दी भाषा की लिपि का क्या नाम है ?
(क) देवनागरी (ख) रोमन (ग) खरोष्ठी।

(*ii*) भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी राष्ट्रीय भाषाएँ हैं ?
(क) 14 (ख) 22 (ग) 16.

(*iii*) भारत में अंग्रेज़ी समाचार-पत्रों में सबसे ज्यादा बिक्री किसकी है ?
(क) द ट्रिब्यून (ख) इंडियन एक्सप्रेस (ग) टाइम्स ऑफ इण्डिया।

(*iv*) अभिधा, लक्षणा और व्यंजना किसके भेद हैं ?
(क) रीति के (ख) शब्द-शक्ति के (ग) अलंकार के।

(*v*) 'नोटिंग' को हिन्दी में क्या कहते हैं ?
(क) टिप्पण (ख) प्रतिवेदन (ग) प्रारूपण।

(*vi*) 'पल्लवन' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?
(क) विस्तार (ख) संकुचन (ग) पल-पल सोचना।

(*vii*) प्राथमिक स्तर पर प्रारूपण तैयार कौन करता है ?
(क) उच्च अधिकारी (ख) कनिष्ठ अधिकारी (ग) लिपिक।

(*viii*) कम्प्यूटर को हिन्दी में क्या कहते हैं ?
(क) लेपटॉप (ख) रोकड़िया (ग) संगणक।

(*ix*) 'फोर्ट विलियम कॉलेज' की स्थापना कब हुई ?
(क) 1800 (ख) 1857 (ग) 1900.

(*x*) हिन्दी, अंग्रेजी और बांग्ला में निकलने वाले अखबार का क्या नाम था ?
(क) बंगदूत (ख) वन्देमातरम् (ग) मार्तण्ड।

(*xi*) 'प्रथम राजभाषा आयोग' की स्थापना कब हुई ?
(क) 1960 (ख) 1965 (ग) 1955.

(*xii*) मशीनी भाषा का प्रयोग कहाँ होता है ?
(क) छपाई मशीन में (ख) कारखानों में (ग) कम्प्यूटर में।

(*xiii*) संविधान सभा ने 14-9-1949 को किस भाषा को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया ?
(क) अंग्रेज़ी (ख) संस्कृत (ग) हिन्दी।



Scanned with ACE Scanner

(xiv) जनभाषा के रूप में हिन्दी का प्रचार सर्वाधिक किस समय हुआ ?

(क) आदिकाल (ख) भक्तिकाल (ग) रीतिकाल। $1 \times 14 = 14$

## भाग—ख

2. (क) मानक भाषा के रूप में हिन्दी पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

जनभाषा के रूप में हिन्दी का उल्लेख कीजिए।

(ख) संचार भाषा के रूप में हिन्दी का प्रयोग तथा इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

भाषा के विविध रूपों पर प्रकाश डालिए। $7 \times 2 = 14$

3. (क) राजभाषा से क्या अभिप्राय है? वर्तमान में इसकी स्थिति पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

भारतीय संविधान में हिन्दी विषयक प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा कीजिए।

(ख) राजभाषा के रूप में हिन्दी को किन-किन समस्याओं से जूझना पड़ रहा है ? विस्तार से प्रकाश डालिए।

***अथवा***

1950 की संवैधानिक व्यवस्थाओं के अनुसार हिन्दी के विकास के लिए हुए कार्यों पर प्रकाश डालिए।

$7 \times 2 = 14$

4. (क) टिप्पण से क्या अभिप्राय है ? टिप्पणी लिखते समय कौन-कौन सी बातों पर ध्यान देना आवश्यक है ?

***अथवा***

निम्नलिखित पल्लवन पर अपने विचार प्रकट कीजिए। मनुष्य वही, जो मनुष्य के लिए मरे, पशुवृत्ति है वो, जो आप-आप चरे।

(ख) अपने ज़िलाधीश महोदय को शहर में फैली गन्दगी के विषय में पत्र लिखिए।

***अथवा***

अपने छोटे भाई को वार्षिक परीक्षा की तैयारी करने के लिए पत्र लिखिए। $7 \times 2 = 14$

5. (क) कम्प्यूटर से क्या अभिप्राय है ? कम्प्यूटर बनाम मनुष्य में क्या अन्तर है ?

***अथवा***

कार्यालय में कम्प्यूटर के अनुप्रयोग पर टिप्पणी लिखिए।

(ख) पारिभाषिक शब्दावली के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

इन्टरनेट पर टिप्पणी लिखिए। $7 \times 2 = 14$

Scanned with ACE Scanner

**HINDI**
**(ANUVAAD VIGYAN)**
**(SEC-2)**
**PAPER : HIND 206**

...me : 3 Hours] [Maximum Marks : 70 for Regular / 100 for ICDEOL

...—सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

## भाग—क

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) "आदर्श अनुवाद वह है, जिसमें अनुवादक का व्यक्तित्व झलकता है"। किसका कथन है ?
(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ख) रामचन्द्र शुक्ल (ग) हरिवंशराय बच्चन।

(ii) वाणिज्यिक अनुवाद में Arrivals का अनुवाद होता है :
(क) पहुँच गए (ख) निश्चित अवधि में आया माल
(ग) पहुँच।

(iii) वैज्ञानिक शब्दावली निम्न में से किस विषय की नहीं है ?
(क) रसायनशास्त्र (ख) भौतिकशास्त्र (ग) नाटक।

(iv) R.B.I. का प्रचलित हिन्दी अनुवाद क्या है ?
(क) भारतीय रिज़र्व बैंक (ख) रिज़र्व बैंक इटली (ग) रिज़र्व बैंक इराक।

(v) W.T.O. का पूरा नाम क्या है ?
(क) वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (ख) वर्ल्ड ट्रेफिक ऑर्गनाइजेशन (ग) वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन।

(vi) विश्व भाषाओं में परस्पर अनुवाद की दिशा में कौन-सी संस्था कार्यरत है ?
(क) नेशनल बुक ट्रस्ट (ख) अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य मंच (ग) यूनेस्को।

(vii) विश्व संस्कृति का विकास किसके बिना सम्भव नहीं है ?
(क) अनुवाद (ख) पत्रकारिता (ग) कथा लेखन।

(viii) 'Depreciation' का हिन्दी पर्याय क्या है ?
(क) पतन (ख) मूल्य ह्रास (ग) उत्थान।

(ix) 'Allotment' का हिन्दी पर्याय क्या है ?
(क) सम्प्रेषण (ख) आबंटन (ग) स्थगन।

(x) मशीनी अनुवाद किस प्रकार के अनुवाद में अधिक उपयोगी है ?
(क) कार्यालयी अनुवाद (ख) भावानुवाद (ग) साहित्यिक अनुवाद।

(xi) 'सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन लेंग्वेजिज' कहाँ पर स्थित है ?
(क) शिमला (ख) गुजरात (ग) मैसूर।

(xii) अनुवाद दिवस कब मनाया जाता है ?
(क) 30 सितम्बर (ख) 14 सितम्बर (ग) 26 सितम्बर।



Scanned with ACE Scanner

(*xiii*) कालिदास द्वारा रचित 'अभिज्ञानशाकुंतलम' का अंग्रेज़ी में अनुवाद किसने किया ?
(क) शेक्सपीयर (ख) मैथ्यू आर्नल्ड (ग) विलियम जोन्स।

(*xiv*) भारतीय भाषाओं में परस्पर अनुवाद की दिशा में कौन-सी संस्था कार्यरत है ?
(क) राष्ट्रभाषा संस्थान (ख) भारतीय साहित्य मंच (ग) साहित्य अकादमी।

$1 \times 14 = 14$

## भाग—ख

**2.** (क) अनुवाद क्या है ? इसके विभिन्न भेदों की चर्चा कीजिए।

***अथवा***

अनुवाद की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

(ख) अनुवाद की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

कार्यालयी अनुवाद के अन्तर्गत आने वाली सामग्री का परिचय दीजिए। $7 + 7 = 14$

$(11 + 11 = 22)$

**3.** (क) काव्यानुवाद क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

***अथवा***

काव्य अनुवाद के गुणों पर प्रकाश डालिए।

(ख) नाट्यानुवाद की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

पुनरीक्षण (वेटिंग) के महत्त्व पर चर्चा कीजिए। $7 + 7 = 14$

$(11 + 11 = 22)$

**4.** (क) वैज्ञानिक तकनीकी शब्दावली के अनुवाद सिद्धान्तों पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

आंचलिक शब्दावली के अनुवाद पर टिप्पणी लिखिए।

(ख) अनुवादक के गुणों पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

एक सफल अनुवाद की कसौटी पर अपने विचार प्रकट कीजिए। $7 + 7 = 14$

$(10\frac{1}{2} + 10\frac{1}{2} = 21)$

**5.** (क) विदेशी भाषाओं के काव्य ग्रन्थों का 'हिन्दी में अनुवाद' विषय पर निबन्ध लिखिए।

***अथवा***

विदेशी उपन्यासों का हिन्दी अनुवाद विषय पर विस्तृत टिप्पणी कीजिए।

(ख) हिन्दी अनुवाद के भविष्य पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

***अथवा***

अनुवाद के राष्ट्रीय प्राधिकरण के महत्त्व पर प्रकाश डालिए। $7 + 7 = 14$

$(10\frac{1}{2} + 10\frac{1}{2} = 21)$

Scanned with ACE Scanner